प्रेस प्रकाशनी **PRESS RELEASE**

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

21 जून 2024

**रिज़र्व बैंक का भारतीय अर्थव्यवस्था पर डेटाबेस पोर्टल – URL में बदलाव**

रिज़र्व बैंक के 'भारतीय अर्थव्यवस्था पर डेटाबेस (डीबीआईई)' पोर्टल के यूनिफ़ॉर्म रिसोर्स लोकेटर (URL) डोमेन एड्रेस को आज (21 जून 2024) कारोबार की समाप्ति से https://data.rbi.org.in के रूप में बदला जा रहा है। मौजूदा URL, अर्थात्, https://dbie.rbi.org.in और https://cimsdbie.rbi.org.in भी नए URL https://data.rbi.org.in पर लेकर जाएँगे।

**पृष्ठभूमि**

रिज़र्व बैंक ने 1 नवंबर 2004 को अपने डीबीआईई पोर्टल का सार्वजनिक एक्सेस (वेबलिंक: https://website.rbi.org.in/hi/web/rbi/-/press-releases/rbi-provides-to-public-web-based-access-to-its-database-on-indian-economy-10799) प्रदान किया था। पिछले कुछ वर्षों में, इसके कवरेज का विस्तार किया गया है तथा नियमित एवं तदर्थ सांख्यिकीय प्रकाशन को डीबीआईई पर प्रकाशित किए जाते हैं। पोर्टल पर 'सार्क फाइनेंस डेटाबेस' और 'बैंकिंग आउटलेट लोकेटर' भी मौजूद है। यह पोर्टल वर्तमान और ऐतिहासिक डेटा का एकीकृत संग्रह है तथा नागरिकों के साथ-साथ भारतीय एवं वैश्विक विश्लेषकों और शोधकर्ताओं द्वारा भी अक्सर इसका उपयोग किया जाता है।

जून 2023 में बैंक के नेक्स्ट जनरेशन डेटा वेयरहाउस, अर्थात्, केंद्रीकृत सूचना प्रबंध प्रणाली (सीआईएमएस) (वेबलिंक: https://website.rbi.org.in/hi/web/rbi/-/press-releases/the-reserve-bank-launches-its-centralised-information-management-system-cims-at-the-17th-statistics-day-conference-55962) के शुभारंभ के बाद, पोर्टल के डेटा कवरेज का और विस्तार किया गया है और भारतीय अर्थव्यवस्था पर शोध में सहायता करने एवं समग्र उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई नई सुविधाओं को शामिल किया गया है।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/535**